प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 अगस्त 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अकोला मर्चेंट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, अकोला (महाराष्ट्र) के दि जलगांव पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जलगांव (महाराष्ट्र) के साथ स्वैच्छिक समामेलन को मंजूरी दी

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अकोला मर्चेंट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, अकोला, महाराष्ट्र के दि जलगांव पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जलगांव, महाराष्ट्र के साथ समामेलन की योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना को, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 44ए की उप-धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मंजूरी दी गई है। यह योजना 28 अगस्त 2023 से प्रभावी होगी। अकोला मर्चेंट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, अकोला (महाराष्ट्र) की शाखाएं 28 अगस्त 2023 से दि जलगांव पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, जलगांव (महाराष्ट्र) की शाखाओं के रूप में कार्य करेंगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/818